डिजिटल स्वास्थ्य क्रांति का अग्रदूत- मिज़ोरम

स्रोत: पी.आई.बी.

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (National Health Authority- NHA) ने **देश भर में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को त्वरित रूप से अपनाने के लिये 100 माइक्रोसाइट्स परियोजना की घोषणा** की।

- **मिज़ोरम** अपनी राजधानी आइज़ोल में **आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन माइक्रोसाइट** की **शुरूआत करने वाला भारत का पहला राज्य** बन गया है।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन:

- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन एक राष्ट्रीय पहल है जिसका उद्देश्य देश के डिजिटल स्वास्थ्य अवसंरचना को विकसित करना है। इसकी शुरुआत सितंबर 2021 में की गई थी।
  - 'आयुष्मान भारत' भारत की एक प्रमुख योजना है जिसे **यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज** (UHC) के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये **राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017** की सिफारिश के अनुसार लॉन्च किया गया था।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) माइक्रोसाइट:

- **परिचय:**
  - ABDM माइक्रोसाइट्स परिभाषित भौगोलिक क्षेत्र हैं जहाँ **छोटे और मध्यम स्तर के निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं तक पहुँच के केंद्रित** प्रयास किये जाएँगे।
    - माइक्रोसाइट परियोजना का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि **निजी क्लीनिक, छोटे अस्पताल और प्रयोगशालाओं** सहित सभी स्वास्थ्य सुविधाएँ ABDM-सक्षम बनें और मरीज़ों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने में मदद कर सकें।
    - इस कार्यक्रम के तहत एक इंटरफेसिंग एजेंसी के पास क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं तक पहुँचाने के लिये ऑन-ग्राउंड टीम होगी।
- **कार्यान्वयन:**
  - इन माइक्रोसाइट्स का कार्यान्वयन मुख्य रूप से **ABDM के राज्य मिशन निदेशकों द्वारा किया जाता है जो NHA के वित्तीय संसाधनों और व्यापक मार्गदर्शन द्वारा समर्थित हैं।**
- **लाभ:**
  - मरीज़ इन सुविधाओं का ऑनलाइन अपॉइंटमेंट, **ई-प्रिस्क्रिप्शन, ई-रिपोर्ट, ई-बिल, ई-सहमति, ई-रेफरल और ई-फीडबैक** जैसी डिजिटल सेवाओं से लाभ उठा सकते हैं।
    - **इन ABDM-सक्षम सुविधाओं के माध्यम से सृजित लोगों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड को उनके** आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खातों (ABHAs) **से निर्बाध रूप से जोड़ा जा सकता है।**
    - इसके अलावा किसी भी **ABDM-सक्षम व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड (Personal Health Record-PHR)** एप्लीकेशन के माध्यम से प्राप्त ये रिकॉर्ड मोबाइल उपकरणों पर सुगमता से साझा करने योग्य हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि मरीज़ आसानी से अपनी स्वास्थ्य जानकारी ग्रहण करने में सक्षम होंगे।
- **वर्तमान प्रगति:**
  - यह अभूतपूर्व उपलब्धि केवल मिज़ोरम तक ही सीमित नहीं है; **आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़** सहित अन्य राज्य में भी ABDM माइक्रोसाइट्स को लागू करने में पर्याप्त प्रगति देखी जा रही है।
  - यह सामूहिक प्रयास व्यापक स्वास्थ्य देखभाल डिजिटलीकरण की दिशा में एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन का प्रतीक है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण:

- **राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA)** भारत की प्रमुख **सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा/आश्वासन योजना "आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना"** को लागू करने के लिये ज़िम्मेदार शीर्ष निकाय है।
  - इसे राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिये रणनीति डिज़ाइन करने, तकनीकी बुनियादी ढाँचे के निर्माण और **"राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन"** के कार्यान्वयन की भूमिका सौंपी गई है।
- NHA **राष्ट्रीय स्वास्थ्य एजेंसी** का उत्तराधिकारी है, जो **23 मई, 2018** से एक पंजीकृत सोसायटी के रूप में कार्य कर रहा है।
  - कैबिनेट के निर्णय के अनुसार, पूर्ण कार्यात्मक स्वायत्तता के लिये **राष्ट्रीय स्वास्थ्य एजेंसी को 2 जनवरी, 2019 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के रूप में पुनर्गठित किया गया था।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mizoram-pioneers-digital-health-revolution